INFUSION NOTES

WHEN ONLY THE BEST WILL DO

# HPSC – HCS

## HARYANA PUBLIC SERVICE COMMISSION

## प्रारंभिक परीक्षा हेतु

### भाग – 4

## सामान्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

# प्रस्तावना

*प्रिय पाठकों, प्रस्तुत नोट्स "**HPSC-HCS (Haryana Public Service Commission – Haryana Civil Service) (प्रारंभिक परीक्षा हेतु)**" को एक विभिन्न अपने अपने विषयों में निपुण अध्यापकों एवं सहकर्मियों की टीम के द्वारा तैयार किया गया है / ये नोट्स पाठकों को **हरियाणा लोक सेवा आयोग (HPSC)** द्वारा आयोजित करायी जाने वाली परीक्षा "**HPSC-HCS**" भर्ती परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगें **/***

***अंततः सतर्क प्रयासों के बावजूद नोट्स में कुछ कमियों तथा त्रुटियों के रहने की संभावना हो सकती है / अतः आप सूचि पाठकों का सुझाव सादर आमंत्रित हैं/***


**प्रकाशकः**

**INFUSION NOTES**

जयपुर, 302029 (RAJASTHAN)

मो : 9887809083

ईमेल : contact@infusionnotes.com

वेबसाइट : http://www.infusionnotes.com



**WhatsApp करें - https://wa.link/ua8u6t**

**Online Order करें - http://surl.li/pclyv**


**मूल्य : ₹**

**संस्करण : नवीनतम**

| | सामान्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | |
|---|---|---|
| क्र.सं. | अध्याय | पेज नं. |
| 1. | दैनिक जीवन में विज्ञान के मूलभूत तत्व<br>• भौतिक विज्ञान<br>• मात्रक पद्धतियाँ (System of Units)<br>• गति<br>• गुरुत्वाकर्षण<br>• पदार्थ के यांत्रिक गुण<br>• दाब<br>• ध्वनि<br>• प्रकाशिकी<br>• प्रकाश का परावर्तन-<br>• दर्पण<br>• ऊष्मा<br>• विद्युत एवं चुंबकत्व<br>• चालकता<br>• परमाणु भौतिकी | 1. |
| 2. | रसायन विज्ञान<br>• सामान्य परिचय -:<br>• पदार्थों की अवस्थाएं एवं वर्गीकरण<br>• परमाणु संरचना<br>• गैसों का आचरण<br>• तत्वों का आवर्ती वर्गीकरण<br>• धातु अधातु एवं उपधातु | 47 |

| | | |
|---|---|---|
| | • रासायनिक आबंध एवं रासायनिक अभिक्रिया<br>• अम्ल, क्षार और लवण<br>• विलयन<br>• कार्बन और इसके यौगिक<br>• बहुलीकरण<br>• ईंधन<br>• कुछ वस्तुओं के व्यापारिक एवं उनके रासायनिक नाम<br>• कृषि में रसायन<br>• बफर की अवधारणा<br>• औषधि<br>• कीटनाशी<br>• जैव उर्वरक (बायोफर्टिलाइजर)<br>• प्राकृतिक और कृत्रिम रेडियोधर्मिता | |
| 3. | जीव विज्ञान<br>• कोशिका<br>• ऊतक<br>• रक्त<br>• रक्तसमूह एवं Rh कारक<br>• त्वचा<br>• नियंत्रण और समन्वय<br>• मानव शरीर के तंत्र<br>○ पाचन तंत्र<br>○ श्वसन तंत्र<br>○ परिसंचरण तंत्र | 112 |

| | | |
|---|---|---|
| | ○ मानव कंकाल<br>○ उत्सर्जन तंत्र<br>• ग्रंथियाँ<br>• आहार एवं पोषण<br>• संक्रामक असंक्रामक एवं पशु जन्य रोग | |
| 4. | पादपों का अध्ययन<br>• पादप कार्यिकी<br>• प्रकाश संश्लेषण<br>• पादपों में लैंगिक जनन<br>• पादप हार्मोन | 176 |
| 5. | कम्प्यूटर्स सूचना , और संचार प्रौद्योगिकी<br>• कम्प्यूटर का विकास<br>• इनपुट और आउटपुट युक्तियां<br>• इंटरनेट<br>• सूचना प्रौद्योगिकी<br>• इन्टरनेट ऑफ़ थिंग्स ) आईओटी /IoT) | 186 |
| 6. | विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में<br>भारतीय वैज्ञानिकों का महत्वपूर्ण योगदान | 210 |
| 7. | नैनो प्रौद्योगिकी | 212 |
| 8. | जैव प्रौद्योगिकी और अनुवांशिक -अभियांत्रिकी | 220 |
| 9. | अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी एवं उपग्रह | 231 |
| 10. | रक्षा प्रौद्योगिकी | 248 |
| 11. | रोबोटिक्स | 256 |

# सामान्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## अध्याय – 1

## दैनिक जीवन में विज्ञान के मूलभूत तत्व

❖ **भौतिक विज्ञान**

भौतिकी विज्ञान की वह शाखा हैं जिसके अंतर्गत द्रव्य तथा ऊर्जा और उसकी परस्पर क्रियाओं का अध्ययन किया जाता हैं ।

### मापन

- **भौतिक राशियाँ-** भौतिकी के नियमों को जिन्हें राशियों के पदों में व्यक्त किया जाता हैं, उन्हें भौतिक राशियां कहते हैं :जैसे - लम्बाई, बल, चाल, वस्तु का द्रव्यमान, घनत्व इत्यादि । भौतिक; राशियाँ दो प्रकार की होती हैं - अदिश और सदिश ।
- **अदिश राशियां-** जिन भौतिक राशियों के निरूपण के लिए केवल परिमाण की आवश्यकता होती हैं, किन्तु दिशा की कोई आवश्यकता नहीं होती, उन्हें अदिश राशि कहा जाता हैं । द्रव्यमान, चाल, समय, दूरी, ऊर्जा, आवेश, विद्युत धारा, विभव इत्यादि अदिश राशि के उदाहरण हैं ।
- **सदिश राशि-** जिन भौतिक राशियों के निरूपण के लिए परिमाण के साथ-साथ दिशा की भी आवश्यकता होती हैं, उन्हें सदिश राशि कहा जाता हैं। **बल, वेग, भार, त्वरण, विस्थापन इत्यादि सदिश राशि के उदाहरण हैं ।**
- भौतिकी के नियमों को समय, घनत्व, बल, ताप तथा अन्य भौतिक राशियों द्वारा व्यक्त किया जाता हैं ।

**मापन की इकाइयाँ (Units of Measure)**

- भौतिक विज्ञान में लम्बाई, द्रव्यमान एवं समय के लिए तीन मूलभूत इकाइयाँ प्रयुक्त होती हैं । अन्य इकाइयाँ इन्हीं तीनों मौलिक इकाइयों से बनी हैं। माप की इकाइयाँ दो प्रकार की होती है - मूल इकाई और व्युत्पन्न इकाई ।
- **मूल मात्रक / इकाई (Fundamental Units) –**
  किसी भौतिक राशि को व्यक्त करने के लिए कुछ ऐसे मानकों का प्रयोग किया जाता हैं जो अन्य मानकों से स्वतंत्र होते है, इन्हें मूल मात्रक कहते; जैसे - लम्बाई, समय और द्रव्यमान के मात्रक क्रमशः मीटर, सेकेण्ड एवं किलोग्राम मूल इकाई हैं ।
- **व्युत्पन्न मात्रक / इकाई (Derived Units) –**
  किसी भौतिक राशि को जब दो या दो से अधिक मूल इकाइयों में व्यक्त किया जाता हैं, तो उसे व्युत्पन्न इकाई कहते है जैसे बल, दाब, कार्य एवं विभव के लिए क्रमशः न्यूटन, पास्कल, जूल एवं वोल्ट व्युत्पन्न मात्रक हैं ।

- **मात्रक पद्धतियाँ (System of Units)**

भौतिक राशियों के मापन के लिए निम्नलिखित चार पद्धतियां प्रचलित हैं –

i. **CGS पद्धति (Centimetre Gram Second System) –** इस पद्धति में लम्बाई, द्रव्यमान तथा समय के मात्रक क्रमशः सेंटीमीटर, ग्राम और सेकण्ड होते हैं । इसलिए इसे Centimeter Gram Second या CGS पद्धति कहते हैं । इसे फ्रेंच या मीट्रिक पद्धति भी कहते हैं ।

ii. **FPS पद्धति (Foot Pound Second System) –** इस पद्धति में लम्बाई, द्रव्यमान तथा समय के मात्रक क्रमशः फुट, पाउण्ड और सेकण्ड होते हैं । इसे ब्रिटिश पद्धति भी कहते हैं ।

iii. **MKS पद्धति (Metre Kilogram Second System) –** इस पद्धति में लम्बाई, द्रव्यमान और समय के मात्रक क्रमशः मीटर, किलोग्राम और सेकण्ड होते हैं ।

iv. **अंतर्राष्ट्रीय मात्रक पद्धति (System International – S.I. Units)** –सन् 1960 ई. में अन्तर्राष्ट्रीय माप-तौल के अधिवेशन में SI को स्वीकार किया गया, जिसका पूरा नाम Le Systeme International d'Unites हैं । वास्तव में, यह पद्धति MKS पद्धति का ही संशोधित एवं परिवर्द्धित (improved and extended) रूप हैं । आजकल इसी पद्धति का प्रयोग किया जाता हैं । इस पद्धति में सात मूल मात्रक तथा दो सम्पूरक मात्रक (Supplementary units) हैं ।

**SI के सात मूल मात्रक (Seven Fundamental Units) निम्नलिखित हैं : -**

i. **लम्बाई (Length)** का मूल मात्रक मीटर (Meter) – SI में लम्बाई का मूल मात्रक मीटर हैं । । मीटर वह दूरी हैं, जिसे प्रकाश निर्वात् में 1/299792458 सेकण्ड में तय करता हैं ।

ii. **द्रव्यमान** (Mass) का मूल मात्रक किलोग्राम (Kilogram) & फ्रांस के सेवरिस नामक स्थान पर माप - तौल के अंतर्राष्ट्रीय (International Bureau of weight and Measurement- IBWM) में सुरक्षित रखे प्लेटिनम - इरीडियम मिश्रधातु के बने हुए बेलन के द्रव्यमान को मानक किलोग्राम कहते हैं । इसे संकेत में किग्रा (kg) लिखते हैं।

iii. **समय का मूल मात्रक सेकेण्ड-** सीजियम - 133 परमाणु की मूल अवस्था के दो निश्चित ऊर्जा स्तरों के बीच संक्रमण से उत्पन्न विकिरण के 9192631770 आवर्तकालों की अवधि को । सेकेण्ड कहते हैं । आइंस्टीन ने अपने प्रसिद्ध सापेक्षता का सिद्धांत (Theory of Relativity) में समय को चतुर्थ विमा (Fourth dimension) के रूप में प्रयुक्त किया हैं ।

iv. **विद्युत् - धारा (Electric Current)** & यदि दो लम्बे और पतले तारों को निर्वात में । मीटर की दूरी पर एक -दूसरे के

समानान्तर रखा जाए और उनमें ऐसे परिमाण की समान विद्युत धारा प्रवाहित की जाए जिससे तारों के बीच प्रति मीटर लम्बाई में $2X10^{-7}$ न्यूटन का बल लगने लगे तो विद्युत् धारा के उस परिमाण को । एम्पियर कहा जाता हैं । इसका प्रतीक A हैं ।

v. **ताप (Temperature)** का मूल मात्रक (Kelvin) – जल के त्रिक बिंदु (triple point) के ऊष्मागतिक ताप के 1/273.16 वें भाग को केल्विन कहते हैं । इसका प्रतीक K होता हैं ।

vi. **ज्योति - तीव्रता (Luminous Intensity)** का मूल मात्रक (Candela) – किसी निश्चित दिशा में किसी प्रकाश स्त्रोंत की ज्योति - तीव्रता । कैण्डेला तब की जाती हैं, जब यह स्त्रोंत उस दिशा में $540X10^{12}$ हर्ट्ज का तथा 1/683 वाट/स्टेरेडियन तीव्रता का एकवर्णीय प्रकाश (monochromatic) उत्सर्जित करता हैं । यदि घन कोण के अन्दर प्रति सेकण्ड़ । जूल प्रकाश ऊर्जा उत्सर्जित हो, तो उसे । वाट/स्टेरेडियन कहते हैं ।

vii. **पदार्थ की मात्रा** (Amount of Substance) का मूल मात्रक (Mole) - एक मोल, पदार्थ की वह मात्रा हैं, जिसमें उसके अवयवी तत्वों (परमाणु, अणु, आदि) की संख्या 6-023 X $10^{23}$ होती हैं । इस संख्या को ऐवागाड्रों नियतांक (Avogadro's Constant) कहते हैं।

**SI के दो सम्पूरक मात्रक (Supplementary Units) हैं-**

i. रेडियन
ii. स्टेरेडियन

**रेडियन (Radian)** – किसी वृत्त की त्रिज्या के बराबर लम्बाई के चाप द्वारा उसके केन्द्र पर बनाया गया कोण एक रेडियन होता है। इस मात्रक का प्रयोग समतल पर बने कोण (Plane angles) को मापने के लिए किया जाता हैं ।

**स्टेरेडियन (Steradian)** – किसी गोले की सतह पर उसकी त्रिज्या के बराबर भुजा वर्गाकार क्षेत्रफल द्वारा गोले के केन्द्र पर बनाए गए घन कोण को । स्टरेडियन कहते हैं। यह ठोसीय कोणों (Solid angles) को मापने का मात्रक हैं।

**मूल मात्रक (Fundamental Units)**

| **भौतिक राशि (Physical Quantity)** | **SI मात्रक/इकाई (SI Unit)** | **प्रतीक/संकेत (Symbol)** |
|---|---|---|
| लंबाई (Length) | मीटर (Metre) | M |
| द्रव्यमान (Mass) | किलोग्राम (Kilogram) | Kg |
| समय (Time) | सेकंड (Second) | S |
| विद्युत-धारा (Electric Current) | एम्पियर (Ampere) | A |
| ताप (Temperatur) | केल्विन (Kelvin) | K |
| ज्योति-तीव्रता (Luminous Intensity) | कैंडेला (Candela) | Cd |
| पदार्थ की मात्रा substance) | मोल(Mole) | mol |

**अत्यधिक लंबी दूरियों को मापने में प्रयोग किए जाने वाले मात्रक**

- **खगोलीय इकाई (Astronomical Unit- A.U.) - यह दूरी का मात्रक हैं । सूर्य और पृथ्वी के बीच की मध्य दूरी (mean distance) खगोलीय इकाई कहलाती हैं ।**
  1 A.U. = 1.495 X $10^{11}$ Metres
- **प्रकाश वर्ष (Light Yearly) - यह दूरी का मात्रक है।** एक प्रकाश वर्ष निर्वात् में प्रकाश के द्वारा एक वर्ष में चली गयी दूरी हैं, जो 9-46 X $10^{15}$ मी. के बराबर होती हैं ।
- **पारसेक (Parsec) = Parallax Second** - यह **दूरी मापने की सबसे बड़ी इकाई है** (1 Parsec = 3.08 X $10^{16}$m) लम्बाई/दूरी के मात्रक:-

| | |
|---|---|
| 1 किलोमीटर (km) | = 1000 मी. |
| 1 मील (Mile) | = 1.60934 किमी. |
| 1 नाविकमील (NM) | = 1.852 किमी. |
| 1 खगोलीय इकाई | = 1.495 X $10^{11}$ मी. |
| 1 प्रकाश वर्ष (ly) | = 9.46 X $10^{15}$ मी. = 48612 A.U. |
| 1 पारसेक (Parsec) | = 3.08X$10^{16}$ मी. = 3.26 ly |

| दस की घात | पूर्व प्रत्यय | प्रतीक (Symbol) | दस की घात | पूर्व प्रत्यय (Prefix) | प्रतीक (Symbol) |
|---|---|---|---|---|---|
| $10^{18}$ | एक्सा (exa) | E | $10^{-18}$ | एटो (atto) | a |
| $10^{15}$ | पेटा (peta) | Pz | $10^{-15}$ | फेम्टो(femto) | f |
| $10^{12}$ | टेरा (tera) | T | $10^{-12}$ | पीको(pico) | p |
| $10^{9}$ | गीगा(giga) | G | $10^{-9}$ | नैनो (nano) | n |
| $10^{6}$ | मेगा (mega) | M | $10^{-6}$ | माइक्रो (micro) | u |
| $10^{3}$ | किलो (kilo) | K | $10^{-3}$ | मिली (milli) | m |
| $10^{2}$ | हेक्टो (hecto) | h | $10^{-2}$ | सेंटी (centi) | c |
| $10^{1}$ | डेका (deca) | da | $10^{-1}$ | डेसी (deci) | d |

**व्युत्पन्न राशि एवं उनके मात्रक**

| राशि | मात्रक | संकेत |
|---|---|---|
| आवृत्ति | हट्र्ज | Hz |
| संवेग | किग्रा मी /सेकेण्ड | kg m/s |
| आवेग | न्यूटन /सेकेण्ड | N/s |
| पृष्ट तनाव | न्यूटन/मीटर | N/m |
| विद्युत आवेश | कूलॉम्ब | c |
| विभान्तर | वोल्ट | v |
| विद्युत प्रतिरोध | ओम | Ω |
| विद्युत धारिता | फैराडे | F |
| प्रेरक चुम्बकीय फ्लक्स | वेबर | Wb |
| ज्योति फ्लक्स | ल्यूमेन | Lm |
| प्रदीप्ति घनत्व | लक्स | Lx |
| प्रकाश तरंग दैर्ध्य | एग्स्ड्राम | $[A]^0$ |
| प्रकाशीय दूरी | प्रकाश –वर्ष | ly |
| कार्य या ऊर्जा | जूल | J |
| त्वरण | मीटर /सेकण्ड | $m/s^2$ |
| दाब | पास्कल | Pa |
| बल | न्यूटन | N |
| शक्ति | वाट | W |
| क्षेत्रफल | वर्गमीटर | $m^2$ |
| आयतन | घनमीटर | $m^3$ |
| चाल | मीटर /सेकेण्ड | m/s |
| कोणीयवेग | रेडियन/सेकेण्ड | Rad/s |

**कुछ विशेष मापक यंत्र:-**

| मापक यंत्र | उपयोग |
|---|---|
| **बैरोमीटर** | **वायुमंडलीय दाब मापने में** |
| हाइड्रोमीटर | तरल पदार्थों का सापेक्षित घनत्व |
| **एनीमोमीटर** | **वायु की गति/पवन वेग मापन** |
| एमीटर | **वायु की गति/पवन वेग मापन** |
| हाइग्रोमीटर | सापेक्षित आर्द्रता |
| मैनोमीटर | गैसों का दाब |
| गैलवेनोमीटर | विद्युत धारा की उपस्थिति |
| ऑडियोमीटर | ध्वनि की तीव्रता एवं आवृति |
| सोनार | समुद्र में डूबी वस्तुओं की दुरी |
| अल्टीमीटर | ऊँचाई मापने में |
| **सिस्मोग्राफ** | **भूकंप की तीव्रता** |
| कैरेटोमीटर | स्वर्ण की शुद्धता |
| स्टेथेस्कोप | हृदय की ध्वनि सुनने में |
| **फैदोमीटर** | **समुद्र की गहराई** |

- **g के मान मे परिवर्तन - g का मान पृथ्वी के ध्रुवो पर महतम एवं विषुवत रेखा पर न्यूनतम होता हैं ।**
- g का मान पृथ्वी के घूर्णन गति बढ़ने पर कम होता हैं एवं घूर्णन गति घटने पर बढ़ जाता हैं ।
- पृथ्वी की सतह से ऊपर या नीचे जाने पर g का मान घटता हैं ।
- किसी लिफ्ट में पिण्ड का भार - **जब लिफ्ट ऊपर की ओर जा रही हैं तो उसमें स्थित व्यक्ति को अपना भार बढ़ा हुआ महसूस होता हैं ।** यदि व्यक्ति का द्रव्यमान m हो तथा लिफ्ट का ऊपर की ओर त्वरण a हो तो इस दिशा में व्यक्ति का भार w=mg + ma
- जब लिफ्ट नीचे की ओर आ रही हो, तो व्यक्ति को अपना भार घटा हुआ महसूस होता हैं । यदि नीचे उतरते समय लिफ्ट का त्वरण a हो तो व्यक्ति का w=mg-ma
- यदि लिफ्ट का तार टूट जाए तो वह एक मुक्त पिण्ड की भांति गुरुत्वीय त्वरण से नीचे गिरती हैं । इस दिशा में उसमें स्थित व्यक्ति को अपना भार शून्य प्रतीत होगा । यह भरहीनता की अवस्था हैं। ।
- यदि नीचे गिरते समय लिफ्ट का त्वरण, गुरुत्वीय त्वरण से अधिक हो, तो व्यक्ति लिफ्ट की सतह से उठकर उसकी छत पर जा लगेगा ।
- जब लिफ्ट एक समान वेग से ऊपर या नीचे चलती हैं तो व्यक्ति के अपने भार में कोई परिवर्तन प्रतीत नहीं होता ।
- उपग्रह (Satellite) - किसी ग्रह के चारों ओर परिक्रमा करने वाले पिण्ड को उस ग्रह का उपग्रह कहते हैं । उदाहरण के लिए, चन्द्रमा पृथ्वी का एक प्राकृतिक उपग्रह हैं ।
- उपग्रह की कक्षीय चाल (Orbital speed of a satellite) - उपग्रह की कक्षीय चाल $v_0$ उसकी पृथ्वी तल से ऊंचाई h पर निर्भर करती हैं । उपग्रह पृथ्वी तल से जितना अधिक दूर होगा, उतनी ही उसकी चाल कम होगी । उपग्रह की कक्षीय चाल उसके द्रव्यमान पर निर्भर नहीं करती हैं। । एक ही त्रिज्या की कक्षा में भिन्न - भिन्न द्रव्यमानों के उपग्रहों की चाल समान होगी । पृथ्वी के सर्वाधिक निकट परिक्रमा करने वाले उपग्रह की कक्षीय चाल 8 किमी/सेकण्ड़ हैं ।

**पलायन वेग (Escape Velocity)** - पलायन वेग वह न्यूनतम वेग हैं जिससे किसी पिण्ड को पृथ्वी की सतह से ऊपर की ओर फेंके जाने पर वह गुरुत्वीय क्षेत्र को पार कर जाता हैं, पृथ्वी पर वापस नहीं आता । **पृथ्वी के लिए पलायन वेग का मान 11.2 किमी/सेकण्ड़ होता हैं ।** पलायन वेग = 2gR

g गुरुत्वीय त्वरण = 9.8 मी./से.$^2$ {पृथ्वी की त्रिज्या = 6.4 x $10^3$ मी.}

**ग्रहों, उपग्रहों में वायुमण्डल की उपस्थिति वहाँ पर पलायन वेग के मान पर निर्भर करता है।** यदि पलायन वेग का मान बहुत अधिक है तो बहुत सघन वायुमण्डल होगा और यदि पलायन वेग कम है तो वायुमण्डल विरल होगा। चन्द्रमा की त्रिज्या, द्रव्यमान एवं गुरुत्वीय त्वरण, पृथ्वी पर इसके मान की अपेक्षा कम है अतः चन्द्रमा का पलायन वेग 2.4 km/s है। **चन्द्रमा पर गैसों का औसत वेग इससे अधिक होता है जिससे वे ठहर नहीं पाते हैं फलतः वायुमण्डल अनुपस्थित है।** बृहस्पति, शनि आदि पर पलायन वेग बहुत अधिक है अतः सघन वायुमण्डल पाया जाता है।

वायुमण्डल की उपस्थिति या अनुपस्थिति पलायन वेग पर निर्भर करती है।

- **कार्य, शक्ति एवं ऊर्जा-**

कार्य (Work)- वह भौतिक क्रिया है, जिसमे किसी वस्तु पर बल लगाकर उसे बल की दिशा में विस्थापित किया जाता है। किसी वस्तु पर किए गए कार्य की माप, वस्तु पर आरोपित बल तथा बल की दिशा में वस्तु के विस्थापन के गुणनफल के बराबर होती है, अर्थात् कार्य अदिश राशि है तथा इसका एस. आई. मात्रक जूल है ।

1 जूल = 1 न्यूटन 1 मीटर

अतः कार्य = बल x बल की दिशा में विस्थापन

**शक्ति-**

किसी मशीन अथवा किसी कर्ता के द्वारा कार्य करने की समय दर को उसकी शक्ति या सामर्थ्य (Power) कहते है।

$$\text{सामर्थ्य} = \frac{\text{कार्य}}{\text{समय}} \quad \text{या} \quad P = \frac{W}{t}$$

शक्ति को जूल/सेकण्ड या वाट में मापते है।

शक्ति का व्यवहारिक मात्रक अश्व शक्ति (Horse Power या HP) है तथा 1 HP = 746 वाट

साधारण मनुष्य की सामर्थ्य 0.05 HP से 0.1 HP होती है।

कार्य और ऊर्जा की भांति शक्ति भी एक अदिश राशी है। इसका विमीय सूत्र $[ML^2T^{-3}]$ है ।

**ऊर्जा-**

किसी वस्तु की कार्य करने की क्षमता को उस वस्तु की ऊर्जा (Energy) कहते है ।

- CGS पद्धति में ऊर्जा का मात्रक अर्ग(Erg) होता है।
- MKS और SI पद्धति में ऊर्जा का मात्रक जूल होता है। 1 जूल, 1 न्यूटन मीटर या 1kgm$^2$/s$^2$ के बराबर होता है।
- वाट-घंटा (Watt-Hour)- प्रति सेकेण्ड एक जूल कार्य संपन्न होने पर इसे 1 वाट कहते है।
  1 वाट घंटा = 1 जूल का कार्य × 1 घंटा
  = 1 वाट ×(60×60)से.
  =3600 जूल= 3.6×$10^3$जूल
- किलोवाट घंटा(Kilowatt Hour)
  1 किलोवाट घंटा = 1 किलोवाट × 1 घंटा
  =1000 वाट × 3600से.
  = 3.6 × $10^6$ जूल

**यांत्रिक ऊर्जा-** यांत्रिक क्रिया द्वारा प्राप्त ऊर्जा यांत्रिक ऊर्जा कहलाती है। जैसे- गिरता हुआ पत्थर, दबी हुई स्प्रिंग आदि में यांत्रिक ऊर्जा उत्पन्न होती है ।

| | | |
|---|---|---|
| | सल्फर डाइऑक्साइड | 213 |
| | नाइट्रोजन | 355 |

एक माध्यम से दुसरे में जाने पर ध्वनि की चाल में परिवर्तन तरंगदैर्ध्य में परिवर्तन के कारण आता है, ध्वनि की आवृति वही रहती है।

**विभिन्न माध्यमों में ध्वनि की चाल :-**

- ध्वनि की चाल पदार्थ ( माध्यम के गुणों पर निर्भर करती है , जिसमें यह संचरित होती है । यह गैसों में सबसे कम द्रवों में ज्यादा तथा ठोसों में सबसे तेज होती है ।
- ध्वनि की चाल तापमान बढ़ने के साथ बढ़ती है ।
- हवा में आर्द्रता ( नमी ) बढ़ने के साथ ध्वनि की चाल बढ़ती है ।
- प्रकाश की चाल ध्वनि की चाल से तेज है । इसीलिए आकाश में बिजली की चमक गर्जन से पहले दिखाई देती है ।
- वायु में ध्वनि की चाल 22 ° C पर 344 $ms^{-1}$ है ।

**ध्वनि की चाल पर विभिन्न भौतिक राशियों का प्रभाव –**

**दाब का प्रभाव:** यदि किसी गैस का ताप समान रहें तो ध्वनि की चाल पर दाब परिवर्तन का कोई प्रभाव नही पड़ता है।

**ताप का प्रभाव:** किसी गैस में ध्वनि की चाल गैस का ताप बढ़ाने पर बढ़ जाती है।

1°C ताप बढ़ाने पर वायु में ध्वनि की चाल लगभग 0.61 मी./से. बढ़ जाती है।

**आर्द्रता का प्रभाव:** आर्द्र वायु में ध्वनि की चाल शुष्क वायु की अपेक्षा बढ़ जाती है, क्योंकि आर्द्र वायु में जलवाष्प मिली होने के कारण इसका घनत्व बढ़ जाता है। यही कारण है की बारिश के दिनों में रेलगाड़ी आदि की सीटियाँ, घंटे की आवाज ग्रीष्म ऋतु की अपेक्षा अधिक दूर तक सुनाई देती है।

**माध्यम के वेग का प्रभाव:** यदि ध्वनि संचरण की दिशा माध्यम की ही दिशा में है, तो ध्वनि की चाल बढ़ जाती है, जबकि ध्वनि संचरण की दिशा माध्यम के विपरीत होने पर ध्वनि की चाल घट जाती है

ध्वनि की चाल पर गैसों के घनत्व(d)तथा गैसों के अणुभार(m) का प्रभाव:- गैसों में ध्वनि की चाल, गैसों के घनत्व अथवा अणुभार के वर्गमूल के व्युत्क्रमानुपाती होती है

$$v \propto \frac{1}{\sqrt{m}}$$

**ध्वनि के गुण (Characteristics of sound)**

**व्यतिकरण (Interference)**

जब समान आवृति की दो तरंगे एक ही दिशा में चलकर माध्यम में किसी बिंदु पर मिलती है तो व्यतिकरण की घटना होती है।

जब एक समान आवृति या आयाम की दो ध्वनि-तरंगे एक साथ किसी बिंदु पर पहुँचती है, तो उस बिंदु पर ध्वनि-ऊर्जा का पुनः वितरण हो जाता है। इस घटना को ध्वनि का व्यतिकरण कहते है ।

- यदि दोनों तरंगे उस बिंदु पर एक ही कला में पहुँचती है, तो वहां ध्वनि की तीव्रता अधिकतम होती है, इसे सम्पोषी व्यतिकरण कहते है।
- यदि दोनों तरंगे विपरीत कला में पहुँचती है, तो वहां पर तीव्रता न्यूनतम होती है। इसे विनाशी व्यतिकरण कहते है।
- व्यतिकरण की घटना में ध्वनि ऊर्जा का पुनर्वितरण होता है।

**ध्वनि तरंगो में विस्पंद(Beats in sound waves)**

जब दो लगभग समान आवृति वाली ध्वनि तरंगे एक साथ उत्पन्न की जाती है तो उनके अध्यारोपण से एक परिणामी ध्वनि उत्पन्न होती है, इस परिणामी ध्वनि की तीव्रता क्रमशः बढती और घटती है, ध्वनि की तीव्रता में होने वाले इस उतार-चढ़ावों को 'विस्पंद' कहते है।

- एक सेकेंड में उत्पन्न विस्पन्दो की संख्या, विस्पंद आवृति कहलाती है
- **व्यतिकरण तथा विस्पंद में अंतर –** व्यतिकरण में प्रत्येक बिंदु पर ध्वनि की तीव्रता का मान स्थिर रहता है, किन्तु विस्पंद में प्रत्येक बिंदु पर ध्वनि की तीव्रता का मान एकांतर क्रम में न्यूनतम तथा अधिकतम होता रहता है ।

**ध्वनि की तीव्रता (Intensity of sound)-**

माध्यम में किसी बिंदु पर ध्वनि की तीव्रता, उस बिंदु पर एकांक क्षेत्रफल से प्रति सेकेंड तल के लम्बवत् गुजरने वाली ऊर्जा के बराबर होती है। ध्वनि की तीव्रता व्यक्त करने का मात्रक बेल(Bel) है । बेल एक बड़ा मात्रक है, अतः व्यवहार में इससे छोटा मात्रक डेसीबल(dB) प्रयुक्त होता है जो बेल का दसवाँ भाग है।

- ध्वनि की तीव्रता का मात्रक जूल/मी.$^2$ × से. या वाट/मी.$^2$ होता है।
- किसी स्थान पर ध्वनि की तीव्रता, ध्वनि स्रोत से उस स्थान की दूरी के वर्ग के व्युत्क्रमानुपाती होती है।
  अर्थात् $I \propto 1/r^2$
- ध्वनि की तीव्रता आयाम, आवृति के वर्ग के समानुपाती तथा माध्यम के घनत्व के भी समानुपाती होती है।

**विभिन्न ध्वनि स्त्रोतों की तीव्रता**

| ध्वनि स्त्रोत | तीव्रता (डेसीबल में) |
|---|---|
| फुसफुसाहट | 15-20 |
| सामान्य वार्तालाप | 30-60 |
| ज़ोर से बातचीत | 60-70 |
| गुस्से से बातचीत | 70-80 |
| ट्रक, ट्रेक्टर | 90-100 |
| आर्केस्ट्रा | 100-120 |
| जेट विमान | 140-150 |
| मशीनगन | 150-160 |
| मिसाइल | 160-170 |

- ध्वनि की चाल ठोसो में सर्वाधिक, उससे कम द्रवों में तथा सबसे कम गैसों में होती है। ठोसो में ध्वनि की चाल लगभग 5130मी./से. , द्रवों में लगभग 1450 मी./से. तथा गैसों में लगभग 332मी./से. होती है ।

**मैक संख्या (Mach number)**- एक निश्चित ताप व दाब पर एक माध्यम में किसी वस्तु की चाल तथा उसी माध्यम में ध्वनि की चाल के अनुपात को उस वस्तु की उस माध्यम में मैक संख्या कहते है।

$$\text{मैक संख्या} = \frac{\text{किसी माध्यम में पिंड की चाल}}{\text{उसी माध्यम में ध्वनि की चाल}}$$

- वायुयानों की चाल को मैक संख्या में मापा जाता है । यदि मैक संख्या का मान 1 है तो उस वस्तु की चाल ध्वनि की चाल के बराबर होगी, यदि मैक संख्या का मान 5 है तो उस वस्तु की चाल ध्वनि की चाल की पाँच गुनी होगी।
- ऐसी वस्तुएं जिनकी मैक संख्या 1 से अधिक होती है उन्हें पराध्वनिक कहते है, जबकि वे वस्तुएं जिनकी मैक संख्या 5 से अधिक होती है उन्हें हाइपरसोनिक कहा जाता है ।

➢ **परीक्षोपयोगी महत्वपूर्ण तथ्य**

- रडार, शत्रु के वायुयानों का पता लगाने के लिये रेडियो तरंगो का प्रयोग करता है।
- आती हुई कार की चाल को मापने के लिए यातायात अधिकारी उस पर सूक्ष्म तरंगो की किरणें डालता है।
- मनुष्यों के लिए शोर की सहन सीमा लगभग 80 से 90 डेसीबल होती है।
- **मनुष्यों के लिये मानक ध्वनि स्तर 30-60 डेसीबल है।**
- ध्वनि अनुदैर्ध्य तरंगो के रूप में यात्रा करती है।
- पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की आवाज का तारत्व अधिक होता है ।
- इकोसाउन्डिंग तकनीक का प्रयोगसागर की गहराई नापने में किया जाता है।
- चमगादड़ पराश्रव्य ध्वनि उत्पन्न करता है।
- ध्वनि तरंगो की गति लंबवत होती है।
- ध्वनि का तारत्व आवृति पर निर्भर करता है।
- स्टेथोस्कोप ध्वनि के सिद्धांत पर कार्य करता है।
- ध्वनि स्रोत और श्रोता के मध्य आपेक्षित गति के कारण आभासी आवृति में परिवर्तन 'डॉप्लर प्रभाव' है ।
- ध्वनि का वेग तरंगदैर्ध्य पर निर्भर करता है ।

➢ **प्रकाशिकी (Optics)**

- प्रकाशिकी (Optics),भौतिक विज्ञान की वह शाखा जिसके अंतर्गत प्रकाश की प्रकृति एवं प्रकाश के गुणों का विस्तृत अध्ययन किया जाता है।
- प्रकाशिकी की दो शाखाएं होती है
  - किरण प्रकाशिकी
  - तरंग प्रकाशिकी

- **किरण प्रकाशिकी (Rey Optics) :** - इस शाखा के अंतर्गत हम प्रकाश की प्रकृति का अध्ययन करते हैं न्यूटन ने कनिकावाद सिद्धांत दिया जिसमे बताया कि प्रकाश कणीय प्रकृति रखता है एवं प्रकाश की घटनाएं परावर्तन अपवर्तन कर यह प्रकृति का समर्थन करती है।
- **तरंग प्रकाशिकी :-** इस शाखा के अंतर्गत हम प्रकाश की तरंग प्रकृति का अध्ययन करते हैं हाइगेन ने प्रकाश का तरंग सिद्धांत दिया जिसमें बताया कि प्रकाश तरंग प्रकृति दर्शाता है प्रकाश की व्यतिकरण, विवर्तन, ध्रुवण प्रकाश की तरंग प्रकृति का समर्थन करती है।

**प्रकाश (light) -**

- प्रकाश एक विद्युत चुंबकीय तरंग है ।
- इनसे प्राप्त विद्युत चुम्बकीय स्पेक्ट्रम का एक सूक्ष्म भाग ($4000A^0 - 7800A^0$) ही मानव नेत्र को वस्तुए दिखाने मे सहायक होता है, जिसे दृश्य प्रकाश कहते है।
- प्रकाश ऊर्जा का एक ऐसा रूप है जो नेत्र की रेटिना को उत्तेजित करके हमें दृष्टि संवेदनशील बनाता है तथा इसी के कारण हम वस्तुओं को देख पाते हैं।
- प्रकाश के 7 रंग होते हैं (जिसको हम सामान्यतः समझने के लिए "VIBGYOR" कहते हैं)

V- violet
I- Indigo
B - blue
G - green
Y - Yellow
O- Orange
R - Red

- प्रकाश वस्तुओं को देखने के काम आता है!
- प्रकाश की तरंगदैर्ध्य 400nm से 700nm होती है
- हमारी आंखें सबसे अधिक संवेदनशील पीले रंग के लिए होती है एवं सबसे कम संवेदनशील लाल व बैंगनी रंग के लिए होती है
- प्रकाश का पथ किरण कहलाता है।
- प्रकाश को जब किसी सतह से आपतित किया जाता है तो तीन प्रकार की प्रक्रिया होती है :-
  - प्रकाश का कुछ भाग अवशोषित हो जाता है
  - कुछ भाग परावर्तित हो जाता है
  - व शेष भाग अपवर्तित हो जाता है

**प्रकाश की चाल -**

- विभिन्न माध्यमो मे प्रकाश की चाल भिन्न-भिन्न होती है।
- निर्वात् या वायु मे प्रकाश की चाल (Speed of Light) सर्वाधिक अर्थात् $3 \times 10^8$ मी./से होती है
- जो माध्यम जितना अधिक सघन होता हैं उसमें प्रकाश की चाल उतनी ही कम होती है।
- प्रकाश की किसी माध्यम मे चाल, $u = c/\mu$ होती है, जहाँ $c = 3 \times 10^8$ मी/से तथा $\mu$ माध्यम का अपवर्तनांक (Refractive Index) है

- **जेल-** वैसा कोलाइड जिसमे ठोस कण द्रव में समान रूप से परिक्षेपित तो होते हैं, पर उनमे प्रवाहता नही होती है, जेल कहलाता है । जैसे- जेली और जिलेटिन ।
- **एरोसोल-** किसी गैस में द्रव या ठोस कणों का परिक्षेपण एरोसोल कहलाता है। जब परिक्षेपित कण ठोस होता है तो ऐसे एरोसोल को धुंआ कहा जाता है और जब परिक्षेपित पदार्थ द्रव होता है तो ऐसे एरोसोल को कोहरा कहा जाता है।
- **पायस (Emulsion)-** जब किसी कोलाइड में एक द्रव के सारे कण दूसरे द्रव के सारे कणों में परिक्षेपित तो हो जाते हैं, लेकिन घुलते नहीं हैं, तो इस कोलॉइड को पायस कहते हैं। दूध एक प्राकृतिक पायस है, जबकि पेंट एक कृत्रिम पायस का उदाहरण है।
- **झाग(Foams)-** द्रव में गैस का परिक्षेपण झाग कहलाता है। ये साबुन से उत्पन्न होते हैं।

**वास्तविक विलयन (True Solution)-** इनके कण आणविक आकार वाले होते है अर्थात इनके कणों का आकार $10^{-7}$ से $10^{-8}$ सेमी. होता है | इसके कण छन्ना-पत्र से आसानी से आर-पार आ-जा सकते हैं। यह सबसे स्थायी एवं पारदर्शक होता है। ये आँख तथा सूक्ष्मदर्शी से दिखाई नही देते है |

- **बफर विलयन (Buffer Solution)-** वह विलयन जो कि अम्ल या क्षार की साधारण मात्राओं को अपनी प्रभावी अम्लता या क्षारता में पर्याप्त परिवर्तन किये बिना अवशोषित कर लेता है, इसे बफर विलयन कहते है जैसे- सोडियम ऐसीडेट तथा ऐसीटिक अम्ल का मिश्रण एक प्रभावी बफर है- जब उसे पानी में विलीन किया जाता है।
- **टिंडल प्रभाव-** जब किसी कोलॉइडी विलयन में तीव्र प्रकाश गुजारते है और इसके लम्बवत् रखे सूक्ष्मदर्शी से देखते है तो कोलॉइड कण काली पृष्ठभूमि में आलपिन की नोक की भाँति चमकने लगते हैं। इसे टिंडल प्रभाव कहते हैं। **टिंडल प्रभाव का कारण प्रकाश का प्रकीर्णन है।**
- **ब्राउनी गति (Brownian Movemtent)-** कोलॉइडी विलयन के कण लगातार इधर-उधर भागते रहते है इसे ब्राउनी गति कहते है यह गति कोलाइड कणों की प्रकृति पर निर्भर नहीं करती है। कण जितने ही सूक्ष्म होते हैं तथा माध्यम की श्यानता जितनी ही कम होती है एवं ताप जितना ही अधिक होता है यह गति उतनी ही तेज होती है।

**<u>विलयन के वाष्पदाब संबंधित गुणधर्म-</u>**

- **विलयन के वाष्प दाब का अपेक्षित अवगमन:** किसी विलयन में वाष्प दाब शुद्ध विलायक के वाष्प दाब से कम होता है। वाष्प दाब का अवगमन केवल विलेय कणों के सांद्रण पर निर्भर करता है, उनकी प्रकृति पर नही |
- **क्वथनांक का उन्नयन:** द्रव का ताप बढ़ने पर वाष्प दाब बढ़ता है। यह उसी ताप पर उबलता है जिस पर उसका वाष्प दाब वायुमंडलीय दाब के बराबर हो जाता है। उदाहरण – जल 100°C पर उबलता है।
- अवाष्पशील विलेय की उपस्थिति से विलायक का वाष्पदाब कम हो जाता है।
- **हिमांक का अवगमन:** वाष्प दाब में कमी के कारण शुद्ध विलायक की तुलना में विलयन का अवगमन होता है। राउल्ट के नियमानुसार एक अवाष्पशील ठोस को विलायक में डाला जाता है तो विलायक का वाष्प दाब कम हो जाता है, अतः विलायक का हिमांक घट जाता है |
- **परासरण दाब:** वह दाब जो विलायक के प्रवाह को रोकता है, परासरण दाब कहलाता है। परासरण दाब एक अणुसंख्यक गुण है, जो कि अणु संख्या पर निर्भर करता है, न कि उसकी प्रकृति पर |

- **<u>कार्बन और इसके यौगिक</u>**

**कार्बन (Carbon)-**

कार्बन अधात्विक तत्व है, जो आधुनिक आवर्त सारणी में समूह-14 और आवर्त-2 में स्थित है। इसका परमाणु क्रमांक 6 तथा इलेक्ट्रोनिक विन्यास है- $1s^2\ 2s^2\ 2p^2$ है | कार्बन सर्वाधिक यौगिकों वाला तत्व है। सभी जीव-संरचनाएँ कार्बन आधारित होती है। भूपर्पटी में खनिजों (जैसे- कार्बोनेट, हाइड्रोजन कार्बोनेट, कोयला, पेट्रोलियम) के रूप में 0.02 प्रतिशत कार्बन उपस्थित है। तथा वायुमंडल में 0.03 प्रतिशत कार्बन डाइऑक्साइड उपस्थित है। इसके अतिरिक्त यह सभी जीवधारियों, पेड़-पौधों, चट्टानों आदि में पाया जाता है।

**अपररूपता (Allotropy)-** वे पदार्थ जिनके रासायनिक गुण समान एवं भौतिक गुण भिन्न हो 'अपररूप' कहलाते हैं, और इस घटना को 'अपररूपता' कहते हैं।

कार्बन क्रिस्टलीय तथा अक्रिस्टलीय दो अपररूपो में पाया जाता है।




**हीरा (Diamond)-**

- हीरा ज्ञात कठोरतम पदार्थ है। इस कारण हीरे का उपयोग चट्टानों को बेधने, कठोर औजारों पर धार करने, वस्तुओं पर पॉलिश करने, टंगस्टन आदि धातुओं के तार खींचने में किया जाता है।
- हीरा रासायनिक रूप से बहुत कम क्रियाशील होता है।
- हीरा विद्युत का कुचालक होता है।

- हीरे में एक विशेष चमक उच्च अपवर्तनांक के कारण होती है। यह एक बहुमूल्य रत्न की भांति आभूषनों आदि में उपयोग किया जाता है ।
- हीरे में कार्बन परमाणु की त्रिविम चतुष्फलकीय संरचना होती है।

हीरे की संरचना में $Sp^3$ प्रकार का संकरण पाया जाता है ।

***हीरा***



**ग्रेफाइट (Graphite)**- इसे काला सीसा भी कहा जाता है।

- ग्रेफाइट के क्रिस्टल में कार्बन परमाणु 'समषट्भुजों की परतों' के रूप में पाए जाते हैं।
- ग्रेफाइट में कार्बन की परतों के मध्य क्षीण वांडर वाल्स बलों के पाये जाने के कारण ये परतें एक-दूसरे के ऊपर आसानी से फिसल जाती हैं। इसी गुण के कारण ग्रेफाइट नरम होता है व स्नेहक की भांति कार्य करता है।
- ग्रेफाइट में विद्युत चालकता का गुण होने के कारण ग्रेफाइट का उपयोग विद्युत अपघटन में इलेक्ट्रोड बनाने के लिये किया जाता है।
- रासायनिक रूप से कम क्रियाशील तथा उच्च गलनांक होने के कारण ग्रेफाइट का उपयोग 'क्रूसीबल' बनाने में किया जाता है ।
- ग्रेफाइट का उपयोग लेड पेंसिल बनाने में किया जाता है।
- ग्रेफाइट की संरचना में $Sp^2$ प्रकार का संकरण पाया जाता है।
- **परमाणु रिएक्टरों में ग्रेफाइट का उपयोग मंदक के रूप में किया जाता है।**

ग्रेफाइट



***हीरा और ग्रेफाइट में अंतर-***

| हीरा | ग्रेफाइट |
|---|---|
| यह अत्यंत कठोर होता है। | यह मुलायम होता है। |
| यह पारदर्शक,चमकदार है। | यह देखने में काला होता है। |
| यह विद्युत का कुचालक है | यह विद्युत का सुचालक है। |
| ऊष्मीय चालकता बहुत कम | ऊष्मा का मध्यम चालक है |
| अपवर्तनांक काफी अधिक | अपवर्तनांक कम |
| आभूषण बनाने में उपयोग | पेंसिल,इलेक्ट्रोड में उपयोग |

**फुलेरीन (Fullerene)**- यह कार्बन का ठोस क्रिस्टलीय रूप है। इसका अणु गोलाकार है, जिसमे मूलतः 60 कार्बन परमाणु होते हैं। वर्तमान में इससे अधिक कार्बन परमाणु वाले फुलेरीन की खोज हो चुकी है। जैसे- $C_{70}$, $C_{84}$, $C_{90}$, $C_{120}$ आदि

- $C_{60}$ की संरचना सबसे अधिक स्थायी होती है, जिसे बकमिंसटर फुलर के नाम पर 'बकमिन्सटर फुलेरीन' नाम दिया गया है ।
- $C_{60}$ अणु के 32 फलक होते हैं, जिनमे से 20 षटकोणीय तथा 12 पंचकोणीय है, जो एक- दूसरे से संयुक्त रहते हैं।
- $C_{60}$ कार्बन का एक अत्यधिक क्रियाशील रूप होता है। $C_{60}$ की अधिक अभिक्रियाशीलता मुख्यतः C=C समूह की असमतलियता के कारण होता है।

**कोक (Coke)**-

- यह काले भूरे रंग का ठोस होता है।
- वायु की अनुपस्थिति में कोयले के भंजक आसवन से कोक प्राप्त होता है।
- कोक का उपयोग इंजन, बॉयलर व भट्ठियों में ईंधन की भांति होता है।
- कोक का उपयोग धातुओं के निष्कर्षण में अपचायक की भांति किया जाता है।

**चारकोल (Charcoal)**- यह मुलायम, काला व अत्यंत छिद्रयुक्त नरम पदार्थ होता है। इसकी मुख्य तीन किस्में पाई जाती है-

**काष्ठ चारकोल(Wood Charcoal)**-

- जब लकड़ी को हवा की अपर्याप्त मात्रा में जलाया जाता है तो काष्ठ चारकोल प्राप्त होता है।
- काष्ठ चारकोल के अत्यंत छिद्रयुक्त होने के कारण इसका उपयोग 'गैस मास्क' के रूप में गैसों को अवशोषित करने में किया जाता है।

**जंतु चारकोल (Animal Charcoal)**-

- जंतु चारकोल में लगभग 10 प्रतिशत कार्बन होता है, इसे अस्थि कालिख भी कहा जाता है, क्योंकि यह हड्डियों के भंजक आसवन से प्राप्त होता है।
- इसका मुख्य उपयोग चीनी के विलयन को साफ़ करने में किया जाता है।

**चीनी चारकोल (Sugar Charcoal)**-

- यह कार्बन के असंरचनात्मक अपररूपो में से 'शुद्धतम अपररूप' होता है।
- चीनी पर सल्फ्यूरिक अम्ल($H_2SO_4$)की क्रिया द्वारा इसे प्राप्त किया जाता है।
- इसका उपयोग रंजक के रूप में होता है।

**काजल (Lamp Black)-**

- यह महीन, काले रंग का चूर्ण होता है।
- इसे केरोसिन तेल, तारपीन तेल, पेट्रोलियम आदि कार्बनयुक्त पदार्थों को जलाकर प्राप्त किया जाता है।
- काजल में लगभग 95प्रतिशत कार्बन पाया जाता है तथा इसका उपयोग जूते की पॉलिश, प्रिंटिंग की स्याही, आँखों का काजल आदि बनाने के लिये किया जाता है।

**कार्बनिक यौगिकों का वर्गीकरण (Classification of Organic Compounds)-**

कार्बनिक यौगिक
- खुली श्रृंखला यौगिक या अचक्रिय यौगिक
- बंद श्रृंखला यौगिक या चक्रीय यौगिक
  - समचक्रिय यौगिक
    - एरोमैटिक यौगिक
    - एलीसाइक्लिक यौगिक
  - विषमचक्रीय यौगिक

**खुली श्रृंखला वाले यौगिक (Open Chain Compounds)-** वे कार्बनिक यौगिक, जिनमे कार्बन के सभी परमाणु आपस में एक खुली श्रृंखला में जुड़े रहते है, खुली श्रृंखला वाले यौगिक या अचक्रिय यौगिक या एलीफैटिक यौगिक कहलाते हैं।

ग्रीक भाषा में एलिफ़ॉस = वसा(Fat) अर्थात् प्रारंभ में एलिफैटिक शब्द का उपयोग केवल उच्च वसा अम्लो के लिये किया गया था, परन्तु अब इस शब्द का उपयोग सभी खुली श्रृंखला वाले यौगिकों के लिये किया जाता है।

उदाहरण:

$CH_4$, $CH_3$-$CH_3$, $CH_3$-$CH_2$-$CH_3$, $CH_3$-$CH_2$-$CH_2$-$CH_3$

मीथेन ईथेन प्रोपेन ब्यूटेन

**बंद श्रृंखला वाले यौगिक (Closed chain Compounds)-** वे कार्बनिक यौगिक, जिनमे कार्बन परमाणु आपस में जुड़कर एक बंद श्रृंखला या चक्र बनाते है, बंद श्रृंखला वाले यौगिक या चक्रीय यौगिक कहलाते हैं।

**समचक्रिय यौगिक (Homocyclic Compounds)-**

वे चक्रीय यौगिक जिनकी वलय में केवल कार्बन परमाणु होते है, समचक्रिय यौगिक कहलाते हैं।

**<u>समचक्रीय यौगिक भी दो प्रकार के होते है-</u>**

**(a) एरोमैटिक यौगिक (Aromatic Compounds)-**

- वे समचक्रिय यौगिक, जिनमे कार्बन की बंद श्रृंखला 6 कार्बन परमाणुओं द्वारा बनी होती है।
- कार्बन की बंध श्रृंखला में एकल बंध व युग्म बंध एकांतर क्रम में पाए जाते है। इस प्रकार के वलय को बेंजीन रिंग कहा जाता है।
- एरोमैटिक यौगिकों में कम-से-कम एक बेंजीन रिंग अवश्य पाई जाती है।
- एरोमैटिक यौगिकों में कार्बन की प्रतिशत मात्रा एलीफैटिक यौगिकों से अधिक होती है। अतः इनको जलाने पर काले धुएँ की ज्वाला से जलते है।

**उदाहरण:**




बेंजीन फीनॉल नाइट्रोबेंजीन टालुइन

**(b) एलीसाइक्लिक यौगिक (Alicyclic Compounds)-**

वे समचक्रीय यौगिक, जो एलिफैटिक यौगिकों के समान होते है, किन्तु एक बंद वलय बना लेते है, एलीसाइक्लिक यौगिक कहलाते है।




साइक्लोप्रोपेन साइक्लोब्यूटेन साइक्लोहेक्सेन

**विषमचक्रीय यौगिक (Heterocyclic Compounds)-**

वे चक्रीय यौगिक जिनके वलय में कार्बन परमाणुओं के अतिरिक्त अन्य तत्व(जैसे- N,O,S) भी पाए जाते हैं, विषमचक्रीय यौगिक कहलाते हैं।




पिरीडीन फ्युरेन थायोफीन

❖ **संतृप्त एवं असंतृप्त यौगिक-**

**संतृप्त यौगिक (Saturated Compounds)-** वे कार्बनिक यौगिक जिनमे कार्बन-कार्बन परमाणुओं के बीच केवल एकल बंध पाया जाता है, संतृप्त यौगिक कहलाते हैं।

$CH_3$-$CH_2$ $CH_3$-$CH_2OH$ $CH_3$-CH

**असंतृप्त यौगिक (Unsaturated Compounds)**

वे कार्बनिक यौगिक जिनमें कम-से-कम दो कार्बन परमाणुओं के बीच युग्म बंध या त्रिक बंध पाया जाता है, असंतृप्त यौगिक कहलाते हैं।

टेरेफ्थेलिक अम्ल को उत्प्रेरक की उपस्थिति में गर्म करने पर प्राप्त होता है ।

**उपयोग**

- पॉलीएस्टर को कॉटन या उनके रेशों के साथ मिला देने पर इसकी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है।
- चुंबकीय रिकॉर्डिंग टेप बनाने में तथा सुरक्षात्मक हेलमेट आदि बनाने में टेरिलोन का प्रयोग किया जाता है ।

पॉलीएमाइड बहुलक में, एमाइड बंधन (-C(=O)-N(H)-) पाया जाता है।

- केवलार एक सिंथेटिक फाइबर है। यह पॉली- पैराफेनीलीन टेरेफ्थोलैमाइड (पॉलीएमाइड) (Poly Paraphenylene Terephtholamide) का ट्रेड नेम है इसका उपयोग बुलेट-प्रूफ जैकेट बनाने में किया जाता है।

**<u>नायलॉन (Nylon):-</u>**

- पॉलीएमाइड श्रेणी के रेशों में प्रमुख उदाहरण नायलॉन (Nylon) है।
- नायलॉन **मानव द्वारा संश्लेषित किया गया प्रथम रेशा था**। इसका निर्माण सर्वप्रथम 1935 में किया गया था।
- **'नायलॉन' एक गैर-सैल्यूलोसी रेशे का उदाहरण है।**
- नायलॉन को कृत्रिम रेशम के नाम से जाना जाता है क्योंकि यह मानव द्वारा कृत्रिम रूप से बनाया जाता है और यह रेशम की तरह नरम होता है।
- नायलॉन का निर्माण कोयला, जल और वायु को मिलाकर किया जाता है। यह रेशा बेहद मजबूत रेशा होता है, जिससे मजबूत रस्से और पैराशूट तथा दाँत साफ करने के ब्रश और अन्य कई मजबूत वस्तुएं बनाई जाती हैं।
- नायलॉन को कृत्रिम रेशम इसलिए कहा जाता है क्योंकि नायलॉन को कृत्रिम रूप से मानव द्वारा निर्मित किया जाता है। कृत्रिम रेशम वो रेशे होते हैं, जो प्राकृतिक रूप से नहीं प्राप्त होते हैं, बल्कि उन्हें संश्लेषण की प्रक्रिया द्वारा बनाया जाता है।
- नायलॉन-6 का उपयोग रस्सी, टायर आदि बनाने में किया जाता है।
- नायलॉन-6, 6 का निर्माण हेक्सामिथाइलीनडाइएमीन [$NH_2(CH_2)_6NH_2$] वएडीपिक अम्ल [$HOOC-(CH_2)_4-COOH$] के बहुलीकरण द्वारा किया जाता है।
- नायलॉन-6, 6 का उपयोग ब्रश, ब्रिसल्स (Bristle), कपड़ा, चादर, जुराबें, स्वेटर आदि बनाने के लिए किया जाता है।
- नायलॉन-2 जैव निम्नीकृत रेशा होता है
- पॉलियामाइड से बना सिंथेटिक पॉलिमर के एक परिवार के लिए नायलॉन एक सामान्य पदनाम
- यह नॉन-सी इल्यूलोज फाइबर से बनाया गया है। नायलॉन एक थर्माप्लास्टिक रेशमी सामग्री है जिसे फाइबर, फिल्म या आकृतियों में पिघला
- संसाधित किया जा सकता है। ० कई अलग-अलग संपत्ति भिन्नताओं को प्राप्त करने के लिए नायलॉन पॉलिमर को विभिन्न प्रकार
- के एडिटिव्स के साथ मिश्रित किया जा सकता है।

**Question :- निम्नलिखित में से कौन सा एक गैर-सैल्यूलोसी रेशे का उदाहरण है ?**

**(1) रेयोन (2) लिनन**

**(3) जूट (4) नायलॉन**

**Ans(4) नायलॉन**

**रेयॉन (Rayon)**

- सेल्यूलोज (Cellulose) पौधों में पाए जाने वाला पॉलीसैकराइड (कार्बोहाइड्रेट) होता है।
- रेयान एक पुनर्जीवित सेल्युलोज फाइबर है यह सेलूलोज़ के प्राकृतिक स्रोतों, जैसे लकड़ी और संबंधित कृषि उत्पादों से बनाया जाता है सेल्यूलोज का एक चिपचिपा घोल। विस्कोस रेयान के लिए एक विशिष्ट शब्द - रेकोन विस्कोस प्रक्रिया का उपयोग करके बनाया गया है।
- वह कृत्रिम रेशे जिनके संश्लेषण में सेल्यूलोज का उपयोग किया जाता है, रेयॉन कहलाते हैं।
- कागज या लकड़ी को सैल्यूलोज स्त्रोत के रूप में लेकर इसकी सांद्र, ठंडे सोडियम हाइड्रॉक्साइड व कार्बन डाइऑक्साइड से क्रिया कराई जाती है, उसके बाद इस विलयन को धातु के बेलनों के छिद्रों में से होकर तनु सल्फ्यूरिक अम्ल में गिराया जाता है, जिससे रेयॉन के लंबे-लंबे रेशे प्राप्त हो जाते हैं।
- रेयॉन का उपयोग कपड़ा उद्योग में कालीन आदि बनाने में किया जाता है।

**सनी**

- लिनन एक कपड़ा है जो फ्लैक्स प्लांट के सेल्यूलोज फाइबर से बना है।
- लिनन बहुत मजबूत और शोषक है और कपास की तुलना में तेजी से सुख जाता है।
- इन गुणों के कारणं, लिनन गर्म मौसम में पहनने के लिए आरामदायक है और कपड़ों में उपयोग
- के लिए मूल्यवान है।
- जूट एक लंबा, नरम, चमकदार बस्ट फाइबर है जो मोटे, मजबूत धागे में काटा जा सकता है।
- यह पौधे के सेल्यूलोज तंतुओं से बनता है।
- यह जीनस कोरस में फूलों के पौधों से उत्पन्न होता है, जो कि मलोव परिवार मालवेसिए में होता है।

**साबुन (Soap)**

- मुलायम साबुन उच्च वसीय अम्लों के पोटेशियम लवण (कास्टिक पोटाश) होते हैं, इनका प्रयोग स्नान करने में किया जाता है। तथा कड़े साबुन उच्च वसीय अम्लों के सोडियम लवण (कास्टिक सोडा) होते हैं, इनका उपयोग कपड़े धोने में किया जाता है।

- साबुन के निर्माण में एस्टरीकरण की प्रक्रिया प्रयुक्त की जाती है।
- तेल व वसा का क्षारों द्वारा जल अपघटन करने से साबुन बनता है।

**डिटरजेन्ट (Detergents)**

- ये साबुन से इस मामले में उत्तम है कि $Ca^{+}$, $Mg^{+2}$, तथा $Fe^{+3}$ आयन के साथ अघुलनशील लवण नहीं प्रदान करता है। इसमें लंबी श्रृंखला का हाइड्रोकार्बन होता है।
- कपड़े व बर्तनों को साफ करने वाली डिटरजेन्ट में सल्फोनेट प्रयुक्त होता है।

**कांच (Glass)**

- काँच विभिन्न क्षारीय धातु के सिलिकेटों का अक्रिस्टलीय मिश्रण होता है। साधारण काँच, सिलिका ($SiO_2$) , सोडियम सिलिकेट ($Na_2SiO_3$) और कैल्शियम सिलिकेट का ठोस मिश्रण होता है। काँच क्रिस्टलीय संरचना नहीं होती हैऔर न ही उसका कोई निश्चित गलनांक होता है क्योंकि काँच अक्रिस्टलीय ठोस के रूप में एक अतिशीतित द्रव है। कांच का कोई निश्चित रासायनिक सूत्र नहीं होता है, क्योंकि काँच मिश्रण है- यौगिक नहीं। साधारण काँच का औसत संघटन $Na_2iO_2$, $4SiO_2$ होता है।

**कांच का अनीलीकरण –** काँच की वस्तुओं को बनाने के बाद विशेष प्रकार की भट्ठियों में धीरे-धीरे ठण्डा करते हैं। इस क्रिया को काँच का अनीलीकरण कहते हैं।

**कुछ महत्वपूर्ण बिन्दु**

- सिल्वर ब्रोमाइड का प्रयोग फोटोग्राफी व फिल्मों में किया जाता है। फोटोक्रोमैटिक कांच सिल्वर ब्रोमाइड की उपस्थिति के कारण धूप में स्वतः काला हो जाता है।
- कुक्स काँच का प्रयोग धूप-चश्मों के लेंस में पराबैंगनी किरणों को रोकने में किया जाता है। यह सिरियम ऑक्साइड व सिलिका का बना होता है।
- फोटोग्राफी में स्थायीकरण के लिए सोडियम थायोसल्फेट का उपयोग किया जाता है।
- सिल्वर क्लोराइड को हॉर्न सिल्वर कहा जाता है। इसका उपयोग फोटोक्रोमेटिक काँच में होता है।

**सीमेन्ट (Cement)**

- सीमेंट जब जल के सम्पर्क में आता है तो इसमें उपस्थित कैल्सियम के सिलिकेट व एल्युमिनेट जल से क्रिया करके कोलाइडी विलयन बनाते हैं। यह कोलाइडी विलयन जम कर कड़ा हो जाता है।
- सीमेन्ट प्रमुख रूप से कैल्सियम सिलिकेटो और ऐल्युमिनियम सिलिकेटों का मिश्रण है जिसमें जल के साथ मिश्रित करने पर जमने का गुण होता है। जल के साथ मिश्रित करने पर सीमेंट का जमना, उसमें उपस्थित कैल्सियम सिलिकेटो और एल्युमिनयम सिलिकेटो के जलयोजन के कारण होता हैं।
- **सीमेन्ट में 2-5% तक जिप्सम ($CaSO_4.2H_2O$) मिलाने का उद्देश्य, सीमेन्ट के प्रारंभिक जमाव को धीमा करना है।** सीमेन्ट के धीमें जमाव से उसका अत्यधिक दृढ़ीकरण होता है।
- मिट्टी में क्षारकत्व को घटाने के लिए जिप्सम का उपयोग किया जाता है।
- ब्रिटिश इंजीनियर जोसेफ एस्पडीन ने चूना पत्थर तथा चिकनी मिट्टी से जोड़ने वाला ऐसा नया पदार्थ बनाया जो अधिक शक्तिशाली और जलरोधी था। उसने उसे पोर्टलैंड सीमेन्ट कहा, क्योंकि यह रंग में पोर्टलैंड के चूना पत्थर जैसा था।
- $CaSO_4,\frac{1}{2}\ H_2O + 1\frac{1}{2}H_2O \Rightarrow CaSO_4, 2H_2O$
  (प्लास्टर ऑफ पेरिस) (जिप्सम)

**मोर्टार व कंकरीट (Mortar and Concrete)-** जब सीमेंट के साथ बालू व जल मिलाया जाता है तो इस मिश्रण को मोर्टार कहते हैं। इसका उपयोग फर्श आदि बनाने में किया जाता है तथा जब सीमेंट के साथ बालू- जल व छोटे-छोटे कंकड पत्थर मिलाये जाते हैं तो इस मिश्रण को कंकरीट कहते हैं। इसका प्रयोग इमारतों की छतें, पुल व बांध बनाने में किया जाता है।

- **ईंधन (Fuel)**

जो पदार्थ जलने पर ऊष्मा व प्रकाश उत्पन्न करते है, ईंधन कहलाते हैं।

**ईंधन मुख्यतः तीन प्रकार के होते है-**

1. **ठोस ईंधन (Solid Fuels)-** ये ईंधन ठोस रूप में होते है तथा जलाने पर कार्बन डाईऑक्साइड, कार्बन मोनो ऑक्साइड व ऊष्मा उत्पन्न करते हैं। लकड़ी, कोयला आदि ठोस ईंधनों के उदाहरण हैं।
2. **द्रव ईंधन (Liquid Fuels)-** ये ईंधन विभिन्न प्रकार के हाईड्रोकार्बन के मिश्रण से बने होते हैं तथा जलाने पर कार्बन डाईऑक्साइड व जल का निर्माण करते हैं। जैसे- केरोसिन, पेट्रोल, डीजल, एल्कोहल आदि।
3. **गैस ईंधन (Gas Fuels)-** जिस प्रकार ठोस व द्रव ईंधन जलाने पर ऊष्मा उत्पन्न करते हैं, उसी प्रकार कुछ ऐसी गैस भी है जो जलाने पर ऊष्मा उत्पन्न करती है। गैस ईंधन द्रव व ठोस इंधनों की अपेक्षा अधिक सुविधाजनक होते हैं व पाइपों द्वारा एक स्थान से दूसरे स्थान तक सरलता पूर्वक भेजे जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त गैस ईंधनों की ऊष्मा सरलतापूर्वक नियंत्रित की जा सकती है।

a. **कोल गैस (Coal Gas)-** कोल गैस में 50% हाइड्रोजन, 35% मिथेन, 10% कार्बन मोनो ऑक्साइड, 5% हाईड्रोकार्बन आदि गैसों का मिश्रण होता है। कोल गैस कोयले के भंजक आसवन के द्वारा बनायी जाती है। यह रंगहीन व एक विशेष गंध वाली गैस है। यह वायु के साथ विस्फोटक मिश्रण बनाती है।

b. **प्रोड्यूसर गैस (Producer Gas)-** प्रोड्यूसर गैस मुख्यतः नाइट्रोजन व कार्बन मोनोक्साइड गैसों का मिश्रण है। इसमें 60% नाइट्रोजन 30% कार्बन मोनोक्साइड व शेष कार्बन

## परिसंचरण तंत्र (Circulatory System)-




मनुष्य तथा जन्तुओं में शरीर के अन्दर पदार्थों के परिवहन के लिए एक तंत्र विकसित होता है जिसे परिसंचरण तंत्र कहते हैं ।

**परिसंचरण तंत्र तीन प्रकार का होता है -**

1. Blood Cirulatory System
2. Lymph Circulatory system - Spinalcored Animals Vertibrate में $O_2$ या भोजन का संवहन इन्हीं दोनों से होता है।
3. Water Circulatory System – छोटे अकशेरुकी में $O_2$ या भोजन का संवहन जल द्वारा होता है।

**(Blood Circlatory System)**

**Blood Circulatory System की खोज william Harvey ने 1628 में की थी ।** इस तंत्र में मुख्य संवहनी पदार्थ Blood होता हैं । Blood C.S दो प्रकार का होता है –

**खुला B.C.S –**

- इस प्रकार के परिसंचरण तंत्र में Blood कुछ समय रुधिर नलिकाओं में उपस्थित रहता है अन्त में वह खुले स्थान में आ जाता है।
- इस तंत्र में Blood कम दाब तथा गति से बहता है।
- Example- बिना रीढ़ वाले जंतुओ में Blood पूरी देह गुहा में प्रवाहित होता है। - केचुआँ, तिलचट्टा आदि ।
- बंद B.C.S. : इस प्रकार के परिसंचरण तंत्र में रुधिर नलिकाओं (धमनी एवं शिरा) में प्रवाहित होता है।
- इसमें Blood अधिक दाब एवं अधिक गति से बहता है।
- Example सभी कशेरु कियों में पाया जाता है - मनुष्य
- पाचन तंत्र के अन्तर्गत पचा हुआ भोजन रक्त के माध्यम से कोशिकाओं में लाया जाता है। यहीं पर वृक्क के माध्यम से Oxygen को भी लाया जाता हैं ।
- इसी कोशिका में $O_2$ की उपस्थित में रक्त छनता है जिससे ऊर्जा एवं $CO_2$ निकलती है।
- ऊर्जा को शरीर द्वारा प्रयोग कर लिया जाता है लेकिन $CO_2$ को शरीर से बाहर निकालना आवश्यक होता है । यह $CO_2$ Blood के साथ फेफड़ो में जाती है और यहाँ से शरीर से बाहर निकाल दी जाती है।
